संख्या- 133 / 2016/1115 /चार-2016-82(वि)/2016

प्रेषक,

सूर्यमणि लालचन्द
विशेष सचिव
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 27 जुलाई,2016

विषयः- मुंशी प्रेमचन्द्र लमही महोत्सव-2016 हेतु 4.00 लाख की प्रशासनिक /वित्तीय स्वीकृति के साथ धनराशि रू0 3.00 लाख के अग्रिम आहरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपने पत्र संख्या-948/सं0नि-15(1)/2016-17-5 , दिनांक 18 जुलाई,2016 तथा केन्द्र प्रमुख ,क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र, वाराणसी के पत्रांक-27/लमही महो0/2016-17 दिनांक 16 जुलाई, 2016 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि मुंशी प्रेमचन्द्र लमही महोत्सव-2016 हेतु 4.00 लाख (रूपये चार लाख मात्र) की प्रशासनिक /वित्तीय स्वीकृति के साथ धनराशि रू0 3.00 लाख(रूपये तीन लाख मात्र) के अग्रिम आहरण की धनराशि को निम्न एवं प्रतिबन्धों के अधीन आहरित किये जाने हेतु श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(1) यह अग्रिम आहरण वित्त (लेखा) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या- ए-1-2774/दस-15-1 (1) /69 दिनांक 25-10-1983 एवं शासनादेश संख्या- ए-1-235/दस-2011-15-1 (1) /69 दिनांक 10-06-2011 में दी गयी शर्तो/ प्रतिबन्धों के अनुसार किया जायेगा।

(2) अग्रिम आहरण के फलस्वरूप यदि कोई हानि होती है तो उसके लिए सम्बन्धित आहरण/वितरण अधिकारी पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे।

(3) उक्त आहरण उसी दशा में किया जायेगा जब तक कि यह सुनिश्चित न कर लिया जाय कि इस हेतु यदि पूर्व में कोई अग्रिम दिया गया है तो उसका समायोजनहो चुका है।

(4) अग्रिम का समायोजन प्रत्येक दशा में विलम्बतम् दिनांक 31-03-2017 से पूर्व कर लिया जायेगा।

3- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या- 92- के अधीन लेखाशीर्षक-2205- कला एवं संस्कृति-आयोजनेत्तर-102-कला एवं संस्कृति का संवर्द्धन -16-नए क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रो की स्थापना-42-अन्य व्यय मद में उपलब्ध धनराशि से वहन किया जायेगा।

4- उपर्युक्त आदेश वित्त (लेखा) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या- ए-1-235/दस-2011-15-1 (1) /69 दिनांक 10-06-2011 द्वारा प्रशासकीय विभाग एवं विभागाध्यक्ष को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(सूर्यमणि लालचन्द)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in/

संख्या- / 2016 /1115/ (1)/चार-2016 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- निजी सचिव, मा0 संस्कृति मंत्री जी।
3- केन्द्र प्रमुख ,क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र, वाराणसी के पत्रांक-27/लमही महो0/2016-17 दिनांक 16 जुलाई, 2016 के क्रम में।
4- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय , उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ ।
5 - मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/ वित्त (ई-7) अनुभाग
7 - गार्ड फाइल।

आज्ञा से ,

(मनोज कुमार सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।